रजिस्ट्री सं० डी० एल० (एन) 04/0007/2003—05

REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक

WEEKLY

सं. 10] नई दिल्ली, फरवरी 27—मार्च 5, 2005 शनिवार/फाल्गुन 8—फाल्गुन 14, 1926

No. 10] NEW DELHI, FEBRUARY 27—MARCH 5, 2005 SATURDAY/PHALGUNA 8—PHALGUNA 14, 1926

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2005

सा.का.नि. 71.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 299 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देते हैं कि भारत सरकार के तत्कालीन विधि मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 585, तारीख 1 फरवरी, 1966 में निम्नलिखित और संशोधन किया जाएगा, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना के भाग IVक में "पर्यावरण और वन मंत्रालय के मामले में" से संबंधित शीर्षक के उपपैरा (i) में राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय के मामले में, "उधार करारों से संबंधित" शब्दों का लोप किया जाएगा।

[फा. सं. 17(1)/2003-न्या.]

डी. आर. मीना, संयुक्त सचिव एवं विधि सलाहकार

पाद टिप्पण : मूल अधिसूचना सा.का.नि. संख्या 585, तारीख 1 फरवरी, 1966 द्वारा प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात् निम्नलिखित द्वारा संशोधित की गई :—

1. सा.का.नि. सं. 168, तारीख 05-07-1990
2. सा.का.नि. सं. 541, तारीख 19-7-1990
3. सा.का.नि. सं. 542, तारीख 19-07-1990
4. सा.का.नि. सं. 711, तारीख 14-11-1990
5. सा.का.नि. सं. 713, तारीख 15-11-1990
6. सा.का.नि. सं. 570, तारीख 27-08-1991
7. सा.का.नि. सं. 333, तारीख 09-07-1992
8. सा.का.नि. सं. 497, तारीख 16-10-1992
9. सा.का.नि. सं. 540, तारीख 14-10-1993
10. सा.का.नि. सं. 601, तारीख 16-11-1993
11. सा.का.नि. सं. 2052, तारीख 31-08-1994
12. सा.का.नि. सं. 620, तारीख 25-11-1994
13. सा.का.नि. सं. 36, तारीख 06-01-1995
14. सा.का.नि. सं. 456, तारीख 27-09-1996
15. सा.का.नि. सं. 313, तारीख 05-08-1997
16. सा.का.नि. सं. 285, तारीख 28-06-1995
17. सा.का.नि. सं. 230, तारीख 15-07-1999

18. सा.का.नि. सं. 240, तारीख 19-07-1999
19. सा.का.नि. सं. 406, तारीख 01-11-1999
20. सा.का.नि. सं. 394, तारीख 18-11-1999
21. सा.का.नि. सं. 108, तारीख 21-02-2000
22. सा.का.नि. सं. 80, तारीख 25-02-2000
23. सा.का.नि. सं. 460, तारीख 13-11-2000
24. सा.का.नि. सं. 166, तारीख 26-02-2001
25. सा.का.नि. सं. 31, तारीख 07-01-2002
26. सा.का.नि. सं. 454, तारीख 29-10-2002
27. सा.का.नि. सं. 487, तारीख 18-11-2002
28. सा.का.नि. सं. 35, तारीख 09-01-2003
29. सा.का.नि. सं. 66, तारीख 31-01-2003
30. सा.का.नि. सं. 139, तारीख 26-03-2003
31. सा.का.नि. सं. 184, तारीख 22-04-2003
32. सा.का.नि. सं. 14, तारीख 30-12-2003
33. सा.का.नि. सं. 15, तारीख 31-12-2003
34. सा.का.नि. सं. 214, तारीख 21-06-2004
35. सा.का.नि. सं., तारीख 10-11-2004

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 28th February, 2005

G.S.R. 71.—In exercise of the powers conferred by clause (1) of article 299 the Constitution, the President hereby directs that the following further amendments shall be made in the Notification of the Government of India in the then Ministry of Law (Department of Legal Affairs), number G.S.R. 585, dated the 1st February, 1966 namely :—

In the said notification, in Part IVA, relating to the heading in the Case of the Ministry of Environment and Forests, in sub-paragraph (i), in the case of National River Conservation Directorate, the words "relating to Loan Agreements" shall be omitted.

[F. No. 17(1)/2003-Judl.]

D.R. MEENA, Jt. Secy. and Legal Adviser

Foot Note : The Principal notification was published *vide* number G.S.R. 585, dated the 1st February, 1966 and subsequently amended vide numbers :—

1. G.S.R. 168, dated the 5th March, 1990;
2. G.S.R. 541, dated the 19th July, 1990;
3. G.S.R. 542, dated the 19th July, 1990;
4. G.S.R. 711, dated the 14th November, 1990;
5. G.S.R. 713, dated the 15th November, 1990;
6. G.S.R. 570, dated the 27th August, 1991;
7. G.S.R. 333, dated the 9th July, 1992;
8. G.S.R. 497, dated the 16th October, 1992;
9. G.S.R. 540, dated the 14th October, 1993;
10. G.S.R. 601, dated the 16th November, 1993;
11. G.S.R. 2052, dated the 31st August, 1994;
12. G.S.R. 620, dated the 25th November, 1994;
13. G.S.R. 36, dated the 6th January, 1995;
14. G.S.R. 456, dated the 27th September, 1996;
15. G.S.R. 313, dated the 5th August, 1997;
16. G.S.R. 285, dated the 28th June, 1995;
17. G.S.R. 230, dated the 15h July, 1999;
18. G.S.R. 240, dated the 19th July, 1999;
19. G.S.R. 406, dated the 1st November, 1999;
20. G.S.R. 394, dated the 18th November, 1999;
21. G.S.R. 108, dated the 21st February, 2000;
22. G.S.R. 80, dated the 25th February, 2000;
23. G.S.R. 460, dated the 13th November, 2000;
24. G.S.R. 166, dated the 26th February, 2001;
25. G.S.R. 31, dated the 7th January, 2002;
26. G.S.R. 454, dated the 29th October, 2002;
27. G.S.R. 487, dated the 18th November, 2002;
28. G.S.R. 35, dated the 9th January, 2003;
29. G.S.R. 66, dated the 31st January, 2003;
30. G.S.R. 139, dated the 26th March, 2003;
31. G.S.R. 184, dated the 22nd April, 2003;
32. G.S.R. 14, dated the 30th December, 2003;
33. G.S.R. 15, dated the 31st December, 2003;
34. G.S.R. 214, dated the 21st June, 2004 and
35. G.S.R., dated the 10th November, 2004.

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

DIRECTORATE GENERAL,
NATIONAL SECURITY GUARD

CORRIGENDUM

New Delhi, the 22nd February, 2005

G.S.R. 72.—Reference GSR No. 422 dated 10th December, 2004—National Security Guard (Group C Posts) Recruitment Rules, 2004 published in the Gazette of India, Part-II, Section 3, Sub-section (i) on 18th December, 2004.

The following amendment is hereby made in page No. 2302 against Srl. No. 7 under column 12, sub-para (ii) in English version of the Gazette mentioned above :—

"for age not exceeding **40 years**"

Read "age not exceeding **52 years**"

Since the age published in the Hindi version of above mentioned Gazette in page No. 2293 against Srl No 7 under column 12 is correct, there is no need of any amendment.

[No. E-307/4/2001-NSG]

G.D. PEWAL, Group Commander (Estt)

संस्कृति मंत्रालय

(भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण)

नई दिल्ली, 1 मार्च, 2005

सा.का.नि. 73.—पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का 52) जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा जाएगा, की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और भारत का राजपत्र भाग II, खंड 3, उपखंड (i) में प्रकाशित शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय, संस्कृति विभाग (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की दिनांक 05 अप्रैल, 1976 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 282 (अ.) में आंशिक संशोधन करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे दी गई तालिका के स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट पदनाम से व्यक्तियों की नियुक्ति उक्त अधिनियम के उद्देश्यों के लिए पंजीयन अधिकारी होने के लिए करती है जो उक्त अधिनियम के द्वारा या उसके तहत पंजीयन अधिकारी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग, तालिका के स्तंभ 4 में संबंधित प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट कार्यक्षेत्र की सीमाओं में करेंगे।

सारणी

क्र. सं.	व्यक्ति का पदनाम	मंडल का नाम	कार्यक्षेत्र
1.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	देहरादून	सम्पूर्ण उत्तरांचल राज्य
2.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	गोवा (लघु मंडल)	सम्पूर्ण गोवा राज्य
3.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	गुवाहाटी	सम्पूर्ण अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड एवं त्रिपुरा राज्य
4.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	कोलकाता	सम्पूर्ण सिक्किम राज्य तथा अंडमान एवं निकोबार संघ राज्य क्षेत्र
5.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	रायपुर	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य
6.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	रांची	सम्पूर्ण झारखंड राज्य
7.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्वविद्	त्रिसूर	सम्पूर्ण केरल राज्य तथा लक्षद्वीप एवं पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र
8.	सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् अथवा उप अधीक्षण पुरातत्त्वपिद्	वड़ोदरा	सम्पूर्ण दमन एवं दियू संघ राज्य क्षेत्र

[एफ सं. 25-1/2004-पुरा.]

सी. बाबू राजीव, महानिदेशक

MINISTRY OF CULTURE

(Archaeological Survey of India)

New Delhi, the 1st March, 2005

G.S.R. 73.—In exercise of the powers conferred by section 15 of the Antiquities and Art Treasures Act, 1972 (52 of 1972), hereafter referred to as the said Act, and in partial modification of the notification of the Ministry of Education and Social Welfare, Department of Culture, (Archaeological Survey of India) published in the Gazette of India, Pt. II, Section 3, sub-section (i) No. G.S.R. 282(E) dated the 5th April, 1976, the Central Government hereby appoints the persons by designation specified in column 2 of the Table given below to be registering officers for the purposes of the said Act, who shall exercise the powers conferred on registering officers by or under the said Act within the limits of the areas specified in the corresponding entry in column 4 of the Table.

TABLE

Sl. No.	Name of the persons by Designation	Name of Circle	Jurisdiction
1	2	3	4
1.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Dehradun	Whole State of Uttranchal
2.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Goa (Mini Circle)	Whole State of Goa
3.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Guwahati	Whole State of Arunachal Pradesh, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland and Tripura.

1	2	3	4
4.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Kolkata	Whole State of Sikkim and Union Territory of Andaman and Nicobar.
5.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Raipur	Whole State of Chattisgarh.
6.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Ranchi	Whole State of Jharkhand.
7.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Thrissur	Whole State of Kerala and Union Territories of Lakshadeep and Pondicherry.
8.	Assistant Superintending Archaeologist or Deputy Superintending Archaeologist	Vadodara	Whole Union Territory of Daman and Diu.

[F. No. 25-1/2004/Ant.]

C. BABU RAJEEV, Director General

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2005

सा.का.नि. 74.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और प्रयोगशाला सहायक, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1987 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है, या करने का लोप किया गया है, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में प्रयोगशाला सहायक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली प्रयोगशाला सहायक (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2005 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**— उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं आदि.**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उक्त पद से संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ 5 से स्तंभ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य विशेष आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन-सह-ज्येष्ठता या अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6
प्रयोगशाला सहायक	35* (2005) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय	3200-85-4900 रुपए	चयन	लागू नहीं होता

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
7	8
25 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 40 वर्ष तक की जा सकती है।) **टिप्पण 1 :**— आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश,त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)	**आवश्यक :** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से विज्ञान विषयों में 10+2; (ii) अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित किसी संस्थान से या उक्त प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य कानूनी निकाय से चिकित्सीय प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा। **टिप्पण 1.**—अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में केन्द्रीय सरकार के विवकानुसार शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 2.**—अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा
9	10	11	12
आयु : लागू नहीं होता **शैक्षिक अर्हताएं :** चिकित्सीय प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा होना चाहिए।	दो वर्ष	50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा; और 50 प्रतिशत सीधे भर्ती द्वारा।	ऐसे प्रयोगशाला परिचरों में से प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने उस श्रेणी में सात वर्ष नियमित सेवा की हो।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना		भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13		14
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति में :—		लागू नहीं होता।
1. अपर चिकित्सा अधीक्षक	—अध्यक्ष	
2. विभागाध्यक्ष (विकृति विज्ञान)	—सदस्य	
3. उपनिदेशक (प्रशासन)	—सदस्य	
4. विभागीय प्रोन्नति समिति में एक अधिकारी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सम्मिलित किया जा सकेगा।	—सदस्य	

[फा. सं. ए-11018/30/2001-आरआर (एच)]

अजीत बी. चव्हाण, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 28th February, 2005

G.S.R. 74.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Laboratory Assistant in the Safdarjung Hospital, New Delhi, (Group 'C' posts) Recruitment Rules, 1987, except as respects things done or omitted to be done before such supersession the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Laboratory Assistant in Safdarjang Hospital, New Delhi, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Safdarjung Hospital, New Delhi, Laboratory Assistant (Group 'C' post) Recruitment Rules, 2005.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

564-GI/05-2

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of the post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, and other qualifications etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (14) of the Schedule.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other special grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or Non-selection post	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972
1	2	3	4	5	6
Laboratory Assistant	35* (2005) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'C' Non-Gazetted, Non-Ministerial	Rs. 3200-85-4900	Selection	Not applicable

Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any
7	8	9	10
25 years (Relaxable for Government Servants upto 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). **Note 1 :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Mizoram, Manipur, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of	**Essential :** (i) 10+2 in Science subjects from a recognised University or Board. (ii) Diploma in Medical Laboratory Technology from an Institute recognized by the All India Council of Technical Education or any other statutory body authorized by the Government for the purpose. **Note :** Qualification(s) regarding experience is relaxable at the discretion of the Competent authority in case of candidates belonging to Scheduled Castes/Scheduled Tribes if, at any stage of selection the	**Age** : Not aplicable **Educational Qualifications** : Must possess recognized diploma in Medical Laboratory Technology.	2 years

7	8
Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep).	Competent Authority is of the opinion that sufficient number of candidates belonging to these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.

Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption, and percentage of the posts to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/absorption grade from which promotion/deputation/absorption to be made
11	12
50% by Promotion failing which by Direct Recruitment; and 50% by Direct Recruitment	Promotion from amongst Laboratory Attendants with seven years regular service in the grade.

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition		Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
13		14
Group 'C' Departmental Promotion Committee consisting of :—		Not applicable.
1. Additional Medical Superintendent	—Chairman	
2. Head of the Department (Pathology)	—Member	
3. Deputy Director (Administration)	—Member	

[F. No. A-11018/30/2001-RR(H)]
AJIT B. CHAVAN, Under Secy.

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2005

सा.का.नि. 75.—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 136 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

भाग-I

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना :

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेल सेवक (काम के घंटे और विश्राम की अवधि) नियम, 2005 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये केवल उन रेल सेवकों को लागू होंगे जिन्हें अधिनियम का अध्याय 14 लागू होता है।

2. परिभाषाएं :

इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;

(ख) "पूर्ण रात्रि" से अपराह्न 10.00 बजे से पूर्वाह्न 6.00 बजे के बीच की अवधि अभिप्रेत है।

(ग) "लॉग ऑन" से, "श्रम प्रधान" कर्मकारों के मामले में आठ घंटे से ऊपर "निरंतर कर्मकारों" के मामले में दस घंटे से ऊपर तथा "आवश्यक रूप से आंतरायिक" कर्मकारों के मामले में बारह घंटे से अपर की ड्यूटी अभिप्रेत है;

(घ) "वेतन की मामूली दर" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

(i) भारतीय रेल स्थापना संहिता, जिल्द-II (1990 संस्करण) के नियम 1303 (मूल नियम 9) में यथा परिभाषित वेतन तथा इसमें परिचालन कर्मचारिवृन्द के मामले में, पूर्वोक्त संहिता के नियम 1507 में यथा-परिभाषित, मूल वेतन के 30 प्रतिशत तक परिचालन भत्ते का "वेतन घटक" भी सम्मिलित है ;

(ii) मंहगाई भत्ता, अतिरिक्त मंहगाई भत्ता, मंहगाई वेतन, यदि कोई है, और

(iii) प्रतिकारात्मक (नगर) भत्ता;

(ङ) "गोपनीय हैसियत में नियोजित रेल सेवकों" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

(i) पृथक गोपनीय कक्ष में अथवा प्रशासनिक कार्यालयों में अधिकारियों के साथ संबद्ध कार्यरत आशुलिपिक;

(ii) साहकर ऑपरेटर;

(iii) गोपनीय सहायक तथा निजी सहायक; और

(iv) अन्य कोई रेल सेवक, जिसे रेल प्रशासन के प्रधान द्वारा इस प्रकार गोपनीय हैसियत में नियोजित विनिर्दिष्ट किया गया हो;

(च) "क्षेत्रीय श्रम आयुक्त" से राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है;

(छ) "सड़क किनारे के स्टेशन" से निम्नलिखित से भिन्न अन्य स्टेशन अभिप्रेत हैं :

(i) महत्वपूर्ण जंक्शन स्टेशन,

(ii) मार्शलिंग यार्ड वाले स्टेशन,

(iii) मुख्य टर्मिनल स्टेशन,

(iv) वह स्टेशन जहां से नियमित रूप से गाड़ियां चलाई जाती हैं, तथा

(v) वह स्टेशन जहां पर मुख्य माल क्लर्क के ग्रेड में या उस माल कार्यालय के कार्यभार के आधार पर स्वीकृत उच्चतर रैंक में, पर्यवेक्षण माल क्लर्क के अधीन एक पृथक् माल कार्यालय की व्यवस्था की गई हो :

परंतु रेल प्रशासन के प्रधान या वह प्राधिकारी जिसे वह यह शासित प्रत्यायोजित करें, उपर्युक्त परिभाषा को ध्यान में रखते हुए, सड़क के किनारे के स्टेशनों की सूची तैयार कर सकेगा।

(ज) "रोस्टर" से वह दस्तावेज अभिप्रेत है जो, अन्य ब्यौरों के अलावा प्रतिदिन, रेल सेवक के ड्यूटी पर उपस्थित रहने के संभावित घंटे, प्रतिदिन तथा साप्ताहिक विश्राम और दिन में ड्यूटी की अवधियों के बीच विश्राम को दर्शाता है;

(झ) "परिचालन कर्मचारिवृन्द" से ऐसा कर्मचारिवृन्द अभिप्रेत है जो भारतीय रेल स्थापना संहिता जिल्द-II (1990 संस्करण) नियम 1507 में इस प्रकार परिभाषित है;

(ञ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ट) "शार्ट आंक" से विश्राम की वह अवधि अभिप्रेत है जो—

(i) "श्रम प्रधान" कर्मकारों के मामले में—

(क) छह घंटे के ड्यूटी रोस्टर में बारह घंटों से कम, तथा

(ख) छह तथा आठ घंटे के मिश्रित ड्यूटी रोस्टर में चौदह घंटों से कम है;

(ii) "निरंतर" कर्मकारों के मामले में 10 घंटे से कम है,

(iii) "आवश्यक रूप से आन्तरायिक" कर्मकार के मामले में 8 घंटे से कम है;

(ठ) "विभाजित ड्यूटी" (स्प्लिट ड्यूटी) से, कार्य की अत्यावश्यकता के अनुसार आधे या अधिक घंटे के प्रत्येक मध्यवर्ती विश्राम सहित दो या अधिक अवधियों में ड्यूटी अभिप्रेत है और जब कर्मचारी अपने ड्यूटी के स्थान को छोड़ने के लिए स्वतंत्र हो "विभाजित ड्यूटी" के प्रयोजनार्थ विश्राम और भोजन के लिए अंतराल व्यवधान नहीं होगा।

(ड) धारा 130 की उपधारा (ख) में यथा प्रयुक्त "अविरत ध्यान" में मानसिक प्रयास विवक्षित है।

स्पष्टीकरण.—कांटों को स्थिर करने के पश्चात् गाड़ी के आने की प्रतीक्षा कर रहे प्वाइंट्समैन से अविरत ध्यान देना अपेक्षित है। इसी प्रकार एक स्टेशन मास्टर अथवा सहायक स्टेशन मास्टर को, पिछले स्टेशन के लिए उसके लाइन क्लीयर देने के समय से लेकर गाड़ी के आने के समय तक तथा फिर लाइन क्लीयर कहे जाने के समय से लेकर अगले ब्लॉक खंड के क्लीयर होने तक, "अविरत ध्यान" देना अपेक्षित है जहां कहीं परिस्थितियां, विभिन्न व्यवस्थाओं को न्यायोचित ठहराती हैं, वहां अविरत ध्यान की अवधि का निर्णय नियंत्रण प्राधिकारी करेगा शंका के किसी भी मामले में, विभागाध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

(ढ) ऐसे अन्य सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों के, जो यहां प्रयुक्त हैं किंतु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो उनके भारतीय रेल स्थापना संहिता या अधिनियम में हैं।

भाग-II

नियमित का वर्गीकरण और काम के घंटे

3. रेल सेवक के नियोजन की वर्गीकृत करने के लिए विहित प्राधिकारी

(1) रेल सेवकों के नियोजन की धारा 130 के अधीन श्रम प्रधान अथवा आवश्यक रूप से आंतरायिक घोषित करने की शक्ति रेल प्रशासन के प्रधान में निहित होगी।

परंतु रेल प्रशासन का प्रधान, स्वविवेकानुसार इस उप-नियम के अधीन उसमें निहित शक्ति को मुख्य कार्मिक अधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

परंतु यह और कि बाढ़, दुर्घटना जैसी आपात-स्थिति की अवधि के दौरान, सक्षम प्राधिकारी में निहित शक्ति का प्रयोग उसी अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा जो ज्येष्ठ वेतनमान के रैंक से नीचे का न हो।

(2) उपनियम (1) के अधीन विहित प्राधिकारी द्वारा की गई प्रत्येक घोषणा की एक प्रति यथाशीघ्र संबद्ध क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी तथा यदि घोषणा रेल के प्रधान से भिन्न किसी अन्य अधिकारी ने की हो तो यह, यथास्थिति, रेल प्रशासन के प्रधान या मुख्य कार्मिक अधिकारी को भेजी जाएगी।

4. वर्गीकरण के विरुद्ध अपील

(i) नियम 3 के अधीन की गई वर्गीकरण की घोषणा से व्यथित कोई रेल सेवक ऐसी घोषणा की तारीख से 90 दिन के भीतर क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के समक्ष अपील दायर कर सकेगा जो सुसंगत दस्तावेजों की संवीक्षा के पश्चात् अथवा यदि आवश्यक समझे, तो नए सिरे से काम का विश्लेषण करने के पश्चात् संबद्ध रेल प्रशासन के प्रधान के परामर्श से वर्गीकरण में परिवर्तन के आदेश दे सकेगा।

(2) क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के विनिश्चय से व्यथित कोई रेल सेवक या रेल प्रशासन, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के विनिश्चय की उसे संसूचना की तारीख से 90 दिन की अवधि के भीतर श्रम मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव के समक्ष अपील कर सकेगा जो रेल मंत्रालय के परामर्श तथा संबद्ध पक्षकारों के की सुनवाई के पश्चात् इसका निपटारा करेगा।

5. पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द—रेल मंत्रालय, लिखित आदेश द्वारा, उन रेल सेवकों अथवा रेल सेवकों के वर्गों को विनिर्दिष्ट करेगा जिन्हें धारा 130 के खंड (ग) के उपखंड (iv) के अधीन इस आधार पर पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माना जाएगा कि रेल सेवक एक उत्तरदायित्वपूर्ण पद धारण करता है, मुख्य रूप से पर्यवेक्षी प्रकृति के कर्त्तव्यों के लिए नियोजित है तथा वह अपने कार्य तथा पद की प्रकृति के कारण ऐसे घंटों के दौरान अपनी ड्यूटी के घंटों या कार्य को समायोजित करने के लिए तुलनात्मक रूप से स्वतंत्र है।

परंतु जो रेल सेवक इन नियमों के प्रकाशन की तारीख को नियमों के अधीन पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माने गए हैं, वे इस उप नियम के अधीन जारी रेल सेवकों या रेल सेवकों के वर्गों को पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में विनिर्दिष्ट करने वाले आदेश के निकाले जाने तक पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माने जाते रहेंगे।

(2) उपनियम (i) के अधीन जारी किए गए ऐसे प्रत्येक आदेश की एक प्रति मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), नई दिल्ली को प्रस्तुत की जाएगी।

6. अपवर्जित कर्मचारिवृन्द—स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग के कर्मचारिवृन्द के निम्नलिखित प्रवर्गों की धारा 130 के खंड (ग) के उपखंड (v) के अधीन ''अपवर्जित'' माना जाएगा, अर्थात् :

(क) मैट्रन;

(ख) सिस्टर्स-भारसाधक;

(ग) मिडवाइफ, जो रेलवे अस्पतालों में नियमित जारी ड्यूटी पर तैनात नहीं है;

(घ) स्वास्थ्य शिक्षक और जिला विस्तार शिक्षक (पुरुष एवं महिला)

(ङ) परिवार नियोजन क्षेत्र कार्यकर्ता (पुरुष एवं महिला)

(च) महिला स्वास्थ्य परिदर्शक

(छ) सहायक नर्स एवं मिडवाइफ

(ज) प्रक्षेपक

उपर्युक्त के अतिरिक्त रेल मंत्रालय, लिखित आदेश द्वारा, भारतीय रेल के किसी विभाग में रेल कर्मचारिवृन्द के किसी अन्य प्रवर्ग को विनिर्दिष्ट कर सकेगा जिसे इस आधार पर ''अपवर्जित'' माना जाएगा कि ऐसे कर्मचारी मांग पर उपलब्ध हैं।

7. रेल सेवकों के वर्गीकरण को निर्धारित करने के लिए मानदंड :

(1) **निरंतर :** उन नियोजनों से भिन्न जिन्हें नियोजन के घंटे विनियम के कार्यक्षेत्र से अपवर्जित किया गया है, रेल सेवकों के सभी नियोजनों को निरंतर माना जाएगा, तत्पश्चात्, वास्तविक काम के विश्लेषण के आधार पर नियोजन को, यथास्थिति, ''श्रम प्रधान'' या ''आवश्यक रूप से आंतरायिक'' वर्गीकृत किया जा सकेगा।

864 GI/05

(2) **श्रम प्रधान** : अधिनियम की धारा 130 के खंड (घ) के अधीन नियोजन को "श्रम प्रधान" के रूप में घोषित करने के लिए निम्नलिखित दो मुख्य बाते हैं :

(i) श्रमसाध्य प्रकृति का कार्य जिसके कारण मानसिक अथवा शारीरिक तनाव होता हो, तथा

(ii) निरंतर ऐसा कार्य जिसमें विश्राम की अवधि कम है या बिल्कुल नहीं है।

स्पष्टीकरण I.—धारा 130 के खंड (घ) में "सतत्-एकाग्रता" पद से यह आशय है कि किसी विशेष प्रकृति के काम के लिए संबद्ध रेल सेवक का अनन्य रूप से उसी कार्य में ध्यान लगना चाहिए। उसके मस्तिष्क में कोई अन्य विचार या भावना नहीं आनी चाहिए तथा यह सतत् एकाग्रता इस प्रकार की होनी चाहिए। जिससे कि ऐसे कार्य-विशेष में बिना किसी युक्तियुक्त कतिपय विरामों के निरंतर ध्यान दिए जाने के परिणामस्वरूप एक अवधि विशेष में, संबंधित रेल सेवक पर तनाव (शारीरिक अथवा मानसिक या दोनों) पड़ता हो। अतः ड्यूटी की संपूर्ण अवधि तथा कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, विहित प्राधिकारी, किसी नियोजन को "श्रम प्रधान" घोषित करने से पूर्व स्वयं का यह समाधान करेगा कि संबंधित कार्य में उपर्युक्त बाते विद्यमान हैं। दूसरे शब्दों में, विहित प्राधिकारी यह विचार करेगा कि क्या काम इस प्रकृति का है कि इसके लिए विश्राम की उचित अवधि के बिना "निरंतर एकाग्रता" की आवश्यकता है।

स्पष्टीकरण II.—जहां विश्राम, निष्क्रियता या विराम (आराम) की अवधि, 24 घंटों के एक चक्र में कुल मिलाकर 6 घंटे या उससे अधिक न हो अथवा 8 घंटे की बारी में एक घंटे या उसे अधिक की ना हो, वहां कारण (ii) के संबंध में संतुष्टि करने के लिए विचार किया जाना चाहिए।

(3) **आवश्यक रूप से आंतरायिक :**

कर्मचारी के कार्य को तब आवश्यक रूप से आंतरिक समझा जाएगा यदि उसकी प्रतिदिन की ड्यूटी बारह घंटों की मान ली गई हो, उसके अंतर्गत निम्नलिखित है—

(क) कम से कम एक घंटे की निष्क्रियता की एक अवधि या कम से कम आधे-आधे घंटे की ऐसी दो अवधियां, और

(ख) खंड (क) में विनिर्दिष्ट निष्क्रियता की अवधि सहित निष्क्रियता की कुल मिलाकर 50 या उससे अधिक की विभिन्न अवधियां जिनके दौरान उसे शारीरिक सक्रियता, या अविरत ध्यान देने के लिए नहीं कहा जाता है।

टिप्पण—धारा 130 की उपधारा (ख) के अनुसार "आवश्यक रूप से आंतरायिक" के कार्यभार का निर्धारण करते समय, 5 मिनट से कम की निष्क्रियता की अवधियों को छोड़ दिया जाएगा।

8. कार्य के घंटों का निर्धारण :

रोस्टर के अनुसार रेल सेवक के कार्य के घंटे (जिन्हें इसमें इससे आगे कार्य के रोस्टर घंटे कहा गया है) सेवा की अत्यावश्यकता या तैनाती के कारण निरंतर हो सकते हैं या इसमें विश्राम के लिए कम अंतराल या विराम हो सकता है।

(1) रेल प्रशासन, धारा 132 में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए तथा सेवा की अपेक्षाओं और कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, इन नियमों में उपदर्शित रीति से रेल सेवकों के विभिन्न प्रवर्गों के लिए कार्य के सामान्य रोस्टर घंटे नियत करेगा;

(2) रेल सेवकों के कार्य के रोस्टर घंटों में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(i) ड्यूटी के मानक घंटे;

(ii) आवश्यक रूप से आंतरायिक के रूप में वर्गीकृत कतिपय प्रवर्गों के मामले में यथाविहित अतिरिक्त घंटे; तथा

(iii) प्रारंभिक अथवा पूरक कार्य या दोनों कार्यों को करने के लिए जिनके लिए ऐसे कार्य का करना अपेक्षित है, अपेक्षित समय।

(3) रेल सेवकों के नियोजन के विभिन्न वर्गों के लिए ड्यूटी के मानक घंटे नीचे दिए गए अनुसार होंगे :—

(क)	श्रम प्रधान	–	सप्ताह में 42 घंटे
(ख)	निरंतर	–	सप्ताह में 48 घंटे, तथा
(ग)	आवश्यक रूप से आंतरायिक	–	सप्ताह में 48 घंटे

(4) (क) नियोजन के आवश्यक रूप से आंतरायिक वर्ग वाले रेल सेवकों को नीचे उपदर्शित अतिरिक्त अतिरिक्त घंटों के लिए नियम 8 (2) (ii) के अनुसार कार्य पर बुलाया जाएगा :

(i)	दरबान सी, विश्रामगृह तथा जलाशयों आदि के केयर-टेकर, चौकीदार तथा सैलून परिचारक	–
(ii)	ड्यूटी स्थल से 0.5 किलोमीटर के भीतर रिहायशी क्वार्टरों की व्यवस्था वाले सड़क किनारे के स्टेशनों पर आवश्यक रूप से आंतरायिक नियोजन के कार्य के लिए तैनात रेल सेवक	प्रति सप्ताह 24 अतिरिक्त घंटे
(iii)	नियोजन के आवश्यक रूप से आंतरायिक वर्ग में कार्य के लिए तैनात शेष कर्मचारी	– प्रति सप्ताह 12 अतिरिक्त घंटे

(ख) कार्य के ऐसे अतिरिक्त घंटों को संबंधित रेल सेवकों के ड्यूटी रोस्टर में दर्शित किया जाएगा।

(5) कर्मचारियों को विभिन्न कोटियां द्वारा प्रारंभिक या पूरक कार्य या दोनों कार्य करने के लिए अपेक्षित समय, जिसमें कार्य-भार सौंपना तथा कार्यभार ग्रहण करना भी सम्मिलित है, किसी प्रतिष्ठान, शाखा या पारी के सामान्य कार्य संचालन के लिए अभिकथित समय-सीमा के बाद किए जाने चाहिए तथा संधित प्रवर्गों में प्रतिनिधि पदों के संबंध में ऐसे कार्य के विश्लेषण द्वारा ऐसे समय का अवधारण किया जाएगा।

(6) उपनियम (5) के अधीन निर्धारित किए गए समय को, नीचे विहित अधिकतम सीमा के अध्यधीन सभी विभिन्न वर्गीकरणों में कर्मचारिवृन्द की ड्यूटी के मानक घंटों में सम्मिलित किया जाएगा।

(क)	जब नियोजन श्रम प्रधान हो	-	सप्ताह में 3 घंटे;
(ख)	जब नियोजन निरंतर हो	-	सप्ताह में 6 घंटे;
(ग)	जब नियोजन आवश्यक रूप से आंतारायिक हो		
(i)	दरबान "सी" विश्राम गृह तथा जलाशयों के चौकीदारों, सैलून परिचारक तथा वे जो सड़क किनारे के स्टेशनों पर तैनात हैं तथा उनके ड्यूटी स्थल से 500 मीटर के भीतर रिहायशी क्वार्टरों की व्यवस्था हो	-	सप्ताह में 3 घंटे
(ii)	उपखंड (i) में उल्लिखित रेल सेवकों से भिन्न	-	सप्ताह में 4½ घंटे

(7) परिचालन कर्मचारिवृन्द द्वारा प्रारम्भिक या पूरक कार्य करने के लिए अपेक्षित समय सप्ताह में 4 घंटे का समझा जाएगा।

टिप्पणी— (i) जहां प्रारम्भिक या पूरक कार्य करने के लिए प्रतिदिन 15 मिनट से कम का समय अवधारित किया गया है वहां इसे ड्यूटी नहीं माना जाएगा तथा इसे रोस्टर में दर्शित नहीं किया जाएगा।

(ii) "निरंतर" प्रकृति के नियोजन के मामलों में, प्रारंभिक या पूरक कार्य करने के लिए अवधारित समय, प्रतिदिन 15 मिनट से 45 मिनट तक से कम के बीच है तो इसे आधे घंटे का कार्य माना जाएगा तथा प्रतिदिन 45 मिनट और 1 घंटे के बीच का समय 1 घंटे का कार्य माना जाएगा।

(iii) नियोजन के श्रम प्रधान तथा आवश्यक रूप से आंतरायिक प्रवर्गों के मामले में 15 मिनट और 30 मिनट के बीच अवधारित ऐसा समय, प्रतिदिन आधे घंटे का कार्य माना जाएगा।

(iv) टिप्पण (3) में उल्लिखित कार्य के अवधारित समय संबद्ध रेल सेवक के ड्यूटी रोस्टर में दर्शित किया जाएगा।

(v) प्रारंभिक या पूरक कार्य अथवा दोनों कार्यों के लिए कुल घंटे इस प्रकार नियत किए जाएंगे कि सुपूर्ण ड्यूटी घंटे, धारा 132 में अपने-अपने वर्गीकरण के लिए विहित सीमाओं से अधिक न हों।

(8) जहां रेल सेवकों से विभाजित ड्यूटी (स्लिप ड्यूटी) का अनुपालन करने की अपेक्षा हो, वहां ऐसी ड्यूटी निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी, अर्थात् :-

(क) ड्यूटी की अवधियां तीन से अधिक नहीं होगी तथा विराम की संख्या दो तक सीमित होगी;

(ख) "निरंतर" प्रकृति के नियोजन के मामले में, उस रेल सेवक के लिए, जिसका निवास स्थान ड्यूटी स्थल से 1.6 कि.मी. से अधिक दूरी पर है, विभाजित ड्यूटी के सात घंटे सामान्य ड्यूटी के आठ घंटों के बराबर माने जाएंगे।

(9) रोस्टर तैयार करते समय तद्नुसार "लॉग ऑन" या "शॉर्ट ऑफ" से बचा जाएगा।

(10) जब रेल सेवक को, धारा 132 की उपधारा (4) या धारा 133 की उपधारा (3) के उपबंधों तथा इनमें उल्लिखित परिस्थितियों के अनुसार, अधोलिखित नियम (9) के अधीन दी गई अस्थायी छूट के आदेश द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा पूर्वोल्लिखित उपनियमों के अनुसार निर्धारित कार्य के घंटों या धारा 132 की उपधारा (1), (2) तथा (3) में विहित घंटों से ऊपर ड्यूटी करने के लिए बुलाया जाता है, तो संबंधित रेल सेवक का, ऐसे ड्यूटी के अतिरिक्त घंटों के कार्य को करने का कर्तव्य होगा।

9. अस्थायी छूट देने की शक्ति

(1) धारा 132 की उपधारा (4) तथा धारा 133 की उपधारा (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, रेल प्रशासन का प्रधान लिखित आदेश धारा किसी रेल सेवकों के वर्ग की धारा 132 की उपधारा (1), (2) और (3) तथा धारा 133 की उपधारा (1) और (2) के उपबंधों से अस्थायी छूट दे सकता है।

(2) रेल प्रशासन का प्रधान उपनियम (1) के अधीन अपनी शक्तियों को, अपने अधीनस्थ किसी अधिकारी को, जिसे वह शक्तियों का प्रयोग करने के लिए ठीक समझता है, प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन किए गए प्रत्येक प्रत्यायोजन के आदेश की एक प्रति संबंध क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी।

10. अतिकाल भत्ते का औसत निकालने तथा उसके संदाय के सिद्धांत

(1) जहां रेल सेवक से, नियम 8 के अनुसार नियत रोस्टर घंटों के पश्चात् या धारा 132 के अधीन रेल सेवक के विभिन्न वर्गों के लिए विनिर्दिष्ट समय सीमा के पश्चात्, अतिरिक्त घंटों की ड्यूटी करना अपेक्षित हो वहां उसे उपनियम (2) में यथा विनिर्दिष्ट औसत निकालने के सिद्धांतों के अधीन कार्य के ऐसे अतिरिक्त घंटों के लिए अतिकाल भत्ते का संदाय किया जाएगा।

(2) धारा 132 में यथा विनिर्दिष्ट औसत अवधियों के ऊपर कार्य के घंटों के औसत द्वारा औसत निकाला जाएगा जिसे रेल कार्य प्रणाली में रेल सेवकों के कतिपय वर्गों के लिए यथा तथा आवश्यक छूट देने के लिए युक्तियुक्त लचीले अध्योधाय के रूप में अपनाया गया है तथा यह–

(i) परिचालन कर्मचारिवृन्द,

(ii) प्रचालन कर्मचारिवृन्द,

(iii) पारी कर्मकारों, तथा

(iv) उन अन्य रेलवे सेवकों को, जो खंड (i), खंड (ii) तथा खंड (iii) में उल्लिखित रेल सेवकों के प्रवर्गों के किसी भी कार्य से जुड़े कार्य करते हैं, लागू होता है।

(3) धारा 132 की उपधारा (4) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए कार्य के अधिक घंटों के लिए अतिकाल भत्ते का संदाय नीचे दिए गए अनुसार किया जाएगा।

(i) रेलवे सेवक द्वारा कार्यों के रोस्टर घंटों की विहित समय-सीमा तथा धारा 132 में विहित घंटों के बीच किए गए अधिक कार्य घंटों के लिए, सुसंगत औसत अवधि के दौरान वेतन की सामान्य दर के 1½ गुणा का संदाय किया जाएगा, तथा

(ii) धारा 132 में विहित समय-सीमा के पश्चात् किए गए कार्य के अधिक घंटों के लिए, वेतन की सामान्य दर के दो गुणा के बराबर संदाय किया जाएगा।

(4) अतिकाल की प्रति घंटा दर, सुसंगत औसत अवधि पर रोस्टर घंटों के आधार पर नीचे दिए गए अनुसार निकाली जाएगी:—

(i)	वेतन की प्रति घंटा दर (औसत निकालने के सिद्धांत द्वारा शासित कर्मचारिवृन्द के लिए)	औसत की अवधि / औसत की अवधि में कार्य के रोस्टर घंटों की संख्या	मासिक वेतन की सामान्य दर का 1/30
(ii)	वेतन की प्रति घंटा दर (औसत निकालने के सिद्धांत द्वारा शासित नहीं होने वालों के लिए)	1 x / कार्य के प्रतिदिन के रोस्टर घंटों की संख्या	मासिक वेतन की सामान्य दर का 1/30

11. कार्य के अतिरिक्त घंटों का रजिस्टर :

रेल प्रशासन के प्रधान की ओर से प्राधिकृत अधिकारी ड्यूटी के विहित रोस्टर घंटों से ऊपर रेल सेवक द्वारा किए गए कार्य के सभी अतिरिक्त घंटों को, इन नियमों से संलग्न फार्म 'क' में रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा।

12. कालिक विश्राम :

(1) जिन रेल सेवकों का नियोजन "श्रम प्रधान" या "निरंतर" है उन्हें रविवार को प्रारंभ होने वाले प्रत्येक सप्ताह में तीस क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम दिया जाएगा तथा जिनका नियोजन आवश्यक रूप से आंतरायिक है उन्हें एक पूरी रात्रि सहित चौबीस क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम दिया जाएगा।

(2) किसी भी रेल सेवक को, जो "श्रम प्रधान" "निरंतर" या आवश्यक रूप में आंतरायिक वर्गीकृत है तब तक ड्यूटी पर नहीं बुलाया जाएगा जब तक कि उसने ड्यूटी के पूर्व-दौर की समाप्ति के पश्चात् क्रमशः 12, 10, 8 क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम नहीं ले लिया हो, ऐसा विश्राम जहां तक संभव हो, विश्राम देने वाले के नियोजन के माध्यम से दिया जाना चाहिए तथा निरंतर और आवश्यक रूप से आंतरायिक प्रवर्गों के लिए यथा उपबंधित/विश्राम देने वाला/अलग-अलग होगा।

